प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 10.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्र ने झारखंड को दी 303 करोड़ रुपये की दो सड़क परियोजनाओं की सौगात, ओवरब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास।
- राज्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य तेज, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा, बीएलओ को दिए भौतिक समीक्षा के निर्देश।
- रांची विश्वविद्यालय की नई कुलपति नियुक्ति हुईं प्रोफेसर सरोज शर्मा, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जारी किया आदेश।
- राज्य में पोषण पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन, गुमला और लोहरदगा में जागरूकता रथ रवाना, 6 साल तक के बच्चों के पोषण पर विशेष जोर।
- 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश को हराकर झारखंड फाइनल में पहुंचा, 12 अप्रैल को मध्य प्रदेश से होगी खिताबी भिड़ंत।

****

केन्द्र सरकार ने आज झारखंड को 303 करोड़ की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की सौगात दी। इसके तहत रांची–जमशेदपुर मार्ग पर रामपुर चौक के पास ओवरब्रिज और रांची– हजारीबाग मार्ग पर विकास चौक–इरबा के पास अंडरपास का शिलान्यास किया गया। मौके पर मौजूद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताते हुए कहा कि 195 किमी लंबे आउटर रिंग रोड के लिए 6 हजार करोड़ स्वीकृत हो चुके हैं, जो 2047 के विकसित भारत के लिए झारखंड को एक बड़ा उपहार होगा।

वहीं, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने कहा कि सड़क विस्तार से राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप और समरी लाल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

****

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद तेज हो गई है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्य के सभी जिलों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं।

****

राज्यपाल और कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने प्रो. सरोज शर्मा को रांची विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया है। प्रो. शर्मा वर्तमान में नई दिल्ली के जीजीएस इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं। यह नियुक्ति झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का उपयोग करते हुए की गई है।

****

राज्य में पोषण पखवाड़ा को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में अन्य जिलों के अलावा लोहरदगा और गुमला में आज पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को संतुलित आहार के प्रति जागरूक करना है।

****

इधर, रांची में भी कुपोषण के खिलाफ जंग को मजबूत करने के लिए पोषण पखवाड़ाका आठवां संस्करण शुरू हो गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददादाता

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सरायकेला–खरसावां के उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने राजकीय चौत्र पर्व–सह–छऊ महोत्सव के लिए आमंत्रित किया है। यह तीन दिवसीय महोत्सव कल से सरायकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में शुरू होगा। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को महोत्सव की तैयारियों और छऊ नृत्य के सांस्कृतिक महत्व की जानकारी दी।

****

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच देश की बिजली और ऊर्जा जरूरतों को सफलतापूर्वक पूरा करने का आश्वासन दिया है। आज नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालय ब्रीफिंग के दौरान विद्युत मंत्रालय के अपर सचिव पीयूष सिंह ने कहा कि अगले तीन महीनों में 22 हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन का लक्ष्य है। इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है।

****

धनबाद रेल मंडल में आज 70वां रेल सप्ताह समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मियों को रेल सेवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया। इस दौरान गति शक्ति विभाग ने लगातार पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का खिताब जीता। डीआरएम ने रेल कर्मियों को पूरी कुशलता और लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी।

****

खूंटी जिले की पहाड़ियों और खेतों से निकलकर एक ऐसी खबर आई है, जिसने पूरे देश का ध्यान खींचा है। यहां की महिलाओं ने न केवल खेती की तस्वीर बदली है, बल्कि वे आत्मनिर्भरता की एक मिसाल बन गई हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि तोरपा के इस महिला किसान उत्पादक संगठन को हाल ही में केंद्र सरकार ने सम्मानित किया है।

****

विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर आज राज्यभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। राजधानी रांची में स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज ने बताया कि इस वर्ष की थीम– सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी है। उन्होंने होम्योपैथी को एक सुरक्षित और किफायती चिकित्सा पद्धति बताया। इस मौके पर आम लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाए गए।

****

राज्य में काफी दिनों बाद आज से मौसम में बदलाव फिर देखने को मिल रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया है कि 13 अप्रैल तक आसमान साफ रहेगा। हांलाकि 14 अप्रैल को आंशिक रुप से बादल छाए रह सकते हैं। साथ ही मौसम के शुष्क रहने के आसार हैं।

****

रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में जारी 16वीं सब–जूनियर नेशनल महिला हॉकी में आज मेजबान झारखंड ने उत्तर प्रदेश को 2–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, पहले सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश ने ओडिशा को 2–1 से मात दी। अब 12 अप्रैल को खिताबी मुकाबले में झारखंड की भिड़ंत मध्य प्रदेश से होगी।

*******समाप्त*******